# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी (नैनीताल)

दूरभाषः 05946–255255, फैक्स–05946–282578 ईमेल– principal.gmchld@gmail.com


पत्रांक :– 2913 /जीएमसी /एल–1/भूमि–3 हल्द्वानी, दिनांक 28 सितम्बर 2022

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग,
विकास भवन के पीछे, रूद्रपुर, जिला–उधम सिंह नगर।

**विषयः–** जनपद नैनीताल में स्थापित राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के नियंत्रणाधीन स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान हल्द्वानी का विस्तारीकरण करते हुए **"राज्य कैंसर संस्थान" की स्थापना** किये जाने **हेतु 3.111 हे0 (पूर्व में 4.25 हे0) वन भूमि हस्तान्तरण** हेतु ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 के संबंध में।

**संदर्भः–** उपरोक्त विषयक अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण कार्यलय, देहरादून के पत्रांक–79 / एफपी / यूके / डीआईएसपी / 114282 / 2020, दिनांकित 07.07.2022 के क्रम में।

महोदय,

राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 पर भारत सरकार एम0ओ0ई0एफ0, देहरादून के पत्रांक– 8बी / यू0सी0पी0 / 09 / 21 / 2021 / एफ.सी. / 1192, दिनांकित 15.12.2021 एवं अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, देहरादून के उपरोक्त संदर्भित पत्र के संबंध में आख्या निम्नानुसार प्रस्तुत है–

- राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/48845/2020(**4.0 हे0**), एवं FP/UK/DISP/48848/2020(**1.75 हे0**), के नियमितीकरण हेतु विधिवत् स्वीकृति प्राप्त हो गयी है, जबकि प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/48706/2020(**1.702 हे0**), के नियमितीकरण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति के अनुपालन में वांछित क्षतिपूरक वृक्षारोपण, पैनल एन0पी0वी0, तथा एन0पी0वी0 की धनराशि जमा की जा चुकी है, जिसके परिपेक्ष्य में भारत सरकार द्वारा विधिवत स्वीकृति निकट भविष्य में प्रदान की जानी है।
- अवगत कराना है कि स्वीकृत **1.75 हे0** वन भूमि पर स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय पूर्व से ही निर्मित व संचालित है, इसको राज्य कैंसर संस्थान के रूप में विस्तारीकृत करते हुए राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित परियोजना स्वीकृत की गयी है। इसलिए **1.75 हे0** वन भूमि से लगी हुई प्रस्तावित **3.111 हे0** वन भूमि पर राज्य कैंसर संस्थान के द्वितीय चरण के निर्माण करने के उद्देश्य से वन भूमि हस्तान्तरण का ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 (**3.111 हे0**), "Upgradation of existing Swami Ram Cancer Hospital" के रूप में प्रस्तुत किया गया है।
- रेडियोथेरेपी बंकर भूमिगत् संरचना नहीं है। कैंसर के उपचार हेतु अतिविशिष्ट स्पेशिफिकेशन के आधार पर बंकर का निर्माण भूतल पर ही किया जाना प्रस्तावित है।

- प्रस्ताव संख्या– FP/UK/DISP/114282/2020(**3.111 हे0**) में पूर्व में दर्शाये गये "Future Construction" एवं सम्बन्धित भूमि के भाग को हटाते हुए संशोधित ले–आऊट इस कार्यालय के पूर्व पत्रांक 2749/जीएमसी/एल–1/भूमि, दिनांकित 28.09.2021 के माध्यम से **संलग्नक–01** में प्रेषित की गयी थी, जिसकी छायाप्रति पुनः सलग्न कर प्रेषित की जा रही है।
- प्रस्ताव में 3.111 हे0 वन भूमि पर कुल 347 वृक्ष विद्यमान हैं, अपितु प्रस्तावित भवनों तथा आन्तरिक सड़क निर्माण के समय यह विशेष ध्यान रखा जायेगा कि अपरिहार्य वृक्षों का ही पातन किया जाय।

प्रकरण में पूर्व की आपत्तियों के सापेक्ष निराकरण से संबंधित पत्राचार पुनः सुलभ संदर्भ हेतु प्रेषित किये जा रहे हैं। अतः उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए ''राज्य कैंसर संस्थान'' की स्थापना किये जाने हेतु आवश्यक 3.111 हे0 वन भूमि के हस्तान्तरण की स्वीकृति प्रदान करने का कष्ट करेंगे।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

28/9/2022

(डॉ0 अरूण जोशी)
प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।


सं.– /(1) उक्त दिनांक।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, अरण्य भवन, रामपुर रोड़, हल्द्वानी।
2. निदेशक, राज्य कैंसर संस्थान, हल्द्वानी।
3. प्रबन्धक, (सम्पत्ति एवं परियोजना), राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।

(डॉ0 अरूण जोशी)
प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।

# PROPOSED SITE PLAN OF STATE CANCER INSTITUTE AT HALDWANI DIST: NAINITAL




LEGEND

- PROPOSED PATCH 1 =0.44 HECTARE
- PROPOSED PATCH 2 =2.671 HECTARE
- EXISTING CAMPUS

Director
State Cancer Institute
Haldwani, Nainital (U.K.)

प्राचार्य
राजकीय मेडिकल कॉलेज
हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड

प्रभागीय वनाधिकारी
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग
रुद्रपुर, ऊधमसिंह नगर

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी (नैनीताल)

दूरभाष: 05946–255255, फैक्स–05946–282578 ईमेल– principal.gmchld@gmail.com

पत्रांक :– 2749 /जीएमसी /एल–1/भूमि हल्द्वानी, ; दिनांक ~~जुलाई~~ 28/09/ 2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग,
विकास भवन के पीछे, रूद्रपुर, जिला–उधम सिंह नगर।

**विषयः–** **जनपद नैनीताल में स्थापित राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के नियंत्रणाधीन स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान हल्द्वानी का विस्तारीकरण करते हुए "राज्य कैंसर संस्थान" तथा "संक्रमण रोग चिकित्सालय" की स्थापना किये जाने हेतु 4.25 हे0 वन भूमि के हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 के संबंध में।**

**संदर्भः–** उपरोक्त विषयक उप महानिरीक्षक, वन (के0), भारत सरकार, देहरादून के पत्रांक/8बी/यू.सी.पी./09/21/2021/एफ0सी0/637, दिनांकित 31 अगस्त 2021 के क्रम में।

महोदया,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, देहरादून को संबोधित उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–**FP/UK/DISP/114282/2020** पर लगायी गयी कमियों के संबंध में बिन्दुवार आख्या निम्नानुसार प्रस्तुत है–

1. राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा पूर्व में रीजनल इम्पावरमेंट कमेटी की बैठक दिनांक 12.08.2019 में चर्चा कर तीन पृथक–पृथक प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया था। उक्त तीनों प्रस्तावों पर प्राप्त सैद्धान्तिक स्वीकृति में विहित समस्त शर्तों का अनुपालन करते हुए कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है। मात्र क्षतिपूरक वनीकरण की दरों में वृद्धि होने के कारण इसके सापेक्ष प्राप्त पुनरक्षित डिमाण्ड नोट की धनराशि रू0 55,27,923/– की वित्तीय स्वीकृति शासन से प्राप्त होते ही धनराशि वन विभाग के पक्ष में जमा कर दी जायेगी।

2. भारत सरकार द्वारा राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना के लिए पूर्व निर्मित स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था, जिसका विस्तारीकरण करते हुए राज्य कैंसर संस्थान का निर्माण करने की स्वीकृति भारत सरकार द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी को प्रदान की गयी है। साथ ही अवगत कराना है कि स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय प्रस्तावित 4.25 हे0 भूमि से लगी हुई भूमि पर पूर्व से ही विद्यमान है, अतः इसे "Upgradation of existing Swami Ram Cancer Hospital" के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

3. प्रस्ताव में 2.5 हे0 क्षेत्र में "Radiotherapy Bunker" प्रस्तावित किया गया है। इस संबंध में अवगत कराना है कि यह भूमिगत संरचना नहीं है, अतः इसके निर्माण के समय कम से कम वृक्षों का पातन किये जाने के प्रयास किये जायेंगे।

4. उक्त ले–आऊट में कोविड–19 जैसी वैश्विक महामारी के दृष्टिगत् राज्य सरकार के निर्देशों के क्रम में 210 शैय्याओं के "संक्रमण रोग चिकित्सालय" का निर्माण अतिआवश्यक रूप में किया जाना प्रस्तावित है, इस हेतु आगणन शासन के अनुमोदनार्थ प्रेषित किया गया है। हस्तान्तरण की स्वीकृति प्राप्त होते ही जनहित में प्रस्तावित "संक्रमण रोग चिकित्सालय" का निर्माण उक्त 4.25 हे0 वन भूमि के मात्र 0.35 हे0 भू–भाग पर ही किया जायेगा। अतः इसे "Future Construction" में दर्शाया गया है। स्पष्ट ले–आऊट पुनः सुलभ संदर्भ हेतु <u>संलग्नक–1</u> पर प्रस्तुत किया जा रहा है।

ECG 7/10/21

उक्त के अतिरिक्त ई0डी0एस0 दिनांक 26.02.2021 के बिन्दु संख्या–10 के अनुसार प्रस्तावित दोनों पैच के लिए पृथक–पृथक कम्पोनेंट वाईज ब्रेकअप **संलग्नक–2** के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है, तथा उनकी स्थिति संलग्न ले–आऊट में पीले व लाल रंग से प्रदर्शित की गयी है।

5. वांछित 4.25 हे0 वन भूमि में कुल 347 वृक्ष विद्यमान हैं। अवगत कराना है कि प्रस्तावित परियोजना के अन्तर्गत पार्किंग स्थल एवं सड़क का निर्माण भी किया जायेगा, अपितु भवनों के निर्माण कार्यों में अपरिहार्य रूप से काटे जाने वाले न्यूनतम वृक्षों के पातन की स्वीकृति तत्समय वन विभाग से प्राप्त की जायेगी।

<u>संलग्नक:</u> यथोपरि।

भवदीय,

(डॉ0 अरूण जोशी)
प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।

<u>सं.– 2749 /(1) उक्त दिनांक।</u>

<u>प्रतिलिपि:</u> निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।


1. वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, अरण्य भवन, रामपुर रोड़, हल्द्वानी।
2. निदेशक, राज्य कैंसर संस्थान, हल्द्वानी।
3. प्रबन्धक, (सम्पत्ति एवं परियोजना), राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।

28/9/21

(डॉ0 अरूण जोशी)
प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।

संलग्नक-1

# PROPOSED SITE PLAN OF STATE CANCER INSTITUTE AT HALDWANI DIST: NAINITAL
## TOTAL LAND 4.25 HECTARE




28/9/21

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी (नैनीताल)

दूरभाष: 05946–255255, फैक्स–05946–282578 ईमेल– principal.gmchld@gmail.com

पत्रांक :– 10735/जीएमसी /एल–1/भूमि–3 हल्द्वानी, दिनांक 09 जून, 2022

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग,
विकास भवन के पीछे, रूद्रपुर, जिला–उधम सिंह नगर।

Recd
10/6/2022

**विषय:–** **जनपद नैनीताल में स्थापित राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के नियंत्रणाधीन स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय एवं अनुसंधान संस्थान हल्द्वानी का विस्तारीकरण करते हुए "राज्य कैंसर संस्थान" की स्थापना किये जाने हेतु 3.111 हे0 वन भूमि के हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 को पुनरीक्षित करते हुए अपलोड करने के संबंध में।**

**संदर्भ:–** उपरोक्त विषयक उप महानिरीक्षक, वन (के0), भारत सरकार, देहरादून के पत्रांक/8बी/यू.सी.पी./09/21/2021/एफ0सी0/1192, दिनांकित 15.12.2021 के क्रम में।

महोदया,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, देहरादून को संबोधित उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा प्रस्तुत ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/DISP/114282/2020 पर भारत सरकार द्वारा लगायी गयी आपत्तियों के संबंध में आख्या निम्नानुसार प्रस्तुत है–

- रीजनल इम्पावरमेंट कमेटी, भारत सरकार द्वारा पूर्व में तीन पृथक–पृथक प्रस्ताव संख्या– FP/UK/DISP/48845/2020, FP/UK/DISP/48848/2020, FP/UK/ROAD/48706/2020 के नियमितीकरण हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृतियां प्रदान की गयी थी। उक्त स्वीकृतियों में विहित समस्त शर्तों का अनुपालन राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा पूर्ण करते हुए मात्र एन0पी0वी0 का राशि प्रस्तुत की जानी शेष है। इस हेतु शासन से वित्तीय स्वीकृति प्राप्त होते ही राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी के पास उपलब्ध बजट से एन0पी0वी0 की आंकलित धनराशि रू0 59.83956 लाख का अविलम्ब भुगतान वन विभाग के कैम्पा कोष में किया जायेगा।
- अवगत कराना है कि उक्त प्रस्ताव संख्या– FP/UK/DISP/48848/2020 के माध्यम से वांछित 1.75 हे0 वन भूमि पर स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय पूर्व से ही निर्मित व संचालित है, तथा राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना हेतु प्रस्तावित 3.111 हे0 वन भूमि इससे लगी हुई भूमि है। केन्द्रीय परियोजना के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित राज्य कैंसर संस्थान की स्थापना के लिए पूर्व निर्मित स्वामी राम कैंसर चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया था, जिसका विस्तारीकरण करते हुए राज्य कैंसर संस्थान का निर्माण करने की स्वीकृति प्रदान की गयी। अतः इस प्रस्ताव को "Upgradation of existing Swami Ram Cancer Hospital" के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

9.6.2022

(188)


# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी (नैनीताल)

दूरभाषः 05946–255255, फैक्स–05946–282578 ईमेल– principal.gmchld@gmail.com


पत्रांक :– 7484 /जीएमसी /एल–1/भूमि हल्द्वानी, दिनांक 16 मार्च, 2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
तराई केन्द्रीय वन प्रभाग,
विकास भवन के पीछे, रूद्रपुर, जिला–उधम सिंह नगर।

विषयः– राजकीय मेडिकल कालेज हल्द्वानी द्वारा 4.25 हे0 वन भूमि हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन अपलोड़ किये गये प्रस्ताव संख्या– FP/UK/DISP/114282/2020 पर एम0ओ0ई0एफ0 द्वारा लगायी गयी ई0डी0एस0।

संदर्भः–एम0ओ0ई0एफ0 के पत्रांक–8बी.यू.सी.पी./09/21/2021/एफ0सी0/2373, दिनांकित 26 फरवरी 2021 के क्रम में।

महोदया,

उपरोक्त संदर्भित पत्र के माध्यम से 4.25 हे0 वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव संख्या– FP/UK/DISP/114282/2020 में एम0ओ0ई0एफ0 द्वारा पायी गयी कमियों पर वांछित सूचनाओं सहित बिन्दुवार आख्या अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है–

1- It is to be submitted that the present proposal for transfer of 4.25 hect. Forest land for establishing "State Cancer Institute and Infectious disease hospital under Government Medical College Haldwani" (Online No. FP/UK/DISP/114282/2020) is a **Fresh Proposal for New Construction**. This is proposed to be located on 4.25 hect. of forest land out of the 8.44 hect. of forest land which has been returned to forest department under the directions of REC vide point no.3, in its meeting dated: 22/08/2019.
2- There is no violation in this case since it's a **Fresh Proposal for New Construction.**
3- **DFO.**
4- Comments have to be made by the DFO. It is reiterated that there is no violation in this case since it's a **Fresh Proposal for New Construction.**
5- Comments have to be made by the Nodal Office and State Government. It is reiterated the there is no violation in this case since it's a **Fresh Proposal for New Construction.**
6- The VLC and DLC meeting have been again uploaded online.
7- The tree enumeration list and CA scheme duly authenticated by the DFO have been uploaded again.

8-. Comments have to be made by the DFO. It is reiterated that the no violation in this case since it's a **Fresh Proposal for** N **Construction** hence the NPV has been calculated on normal rates.

9- The Muck generated during construction is proposed to be used in the leveling of ground and backfilling in the buildings. Hence no Muck disposal plan is required.

10- The required layout map/concept plan of proposed land is being uploading herewith. The layout has been proposed so that felling of minimum number of trees is required.

आपसे अनुरोध है कि उक्तानुसार अवगत होते हुए उक्त प्रस्ताव को संस्तुति सहित ऑनलाईन अग्रसारित करने का कष्ट करेंगी।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(डॉ0 चन्द्र प्रकाश)
प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।

सं.– 7484 /(1) C-1/96 उक्त दिनांक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निदेशक, चिकित्सा शिक्षा निदेशालय, 107, चन्दर नगर, देहरादून।
2. प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर, फॉरेस्ट कॉलौनी, देहरादून।
3. वन संरक्षक, पश्चिमी वृत्त, अरण्य भवन, रामपुर रोड़, हल्द्वानी।
4. निदेशक, राज्य कैंसर संस्थान, स्वामी राम कैंसर चिकित्साल हल्द्वानी।
5. प्रबन्धक, (सम्पत्ति एवं परियोजना), राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।

15/3/21

(डॉ0 चन्द्र प्रकाश)
प्राचार्य,
राजकीय मेडिकल कालेज, हल्द्वानी।